पाली में पौधारोपण के लिये चल रही तैयारी की समीक्षा हुई

पाली, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में मिशन हरियालो राजस्थान की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। जिसमें योजना वर्ष 2025-26 की कार्य योजना के बारे में विभागवार चर्चा कर पौधारोपण के लिये चल रही तैयारीयों की समीक्षा कर प्रगति को जाना और आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलैक्टर एलएन मंत्री जिले समेत सभी विभाग और ब्लॉक के बारे मे पौधरोपण की तैयारी के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। इस बार जिले में लगभग 20 लाख पौधारोपण किया जायेगा। उन्होंने सभी विभागों से इस सम्बन्ध में आवश्यक तैयारी करने व लक्ष्यानुसार कार्य करने के निर्देश दिये। जिसमें नर्सरीयों से पौधे प्राप्त कर उनका भुगतान करने, लाने ले जाने के बारे में, भुगतान, जियो टैगिंग, लगाने के स्थान गढढे खोदने के बारे में निर्देश व तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में टास्क फोर्स कमेटी के सदस्य सचिव उपवन संरक्षक वन विभाग पीबाला मुरूगन ने पौधारोपण में विभागवार कार्य योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पौधरोपण में विभिन्न प्रमुख विभागों जिनमें जिला परिषद में लगभग 7 लाख, शिक्षा विभाग में लगभग 4 लाख, वाटर शेड दो लाख लगभग, वन विभाग 2 लाख माईनिंग 1 लाख, पोलूशन कन्ट्रोल बोर्ड को 1 लाख 30 हजार, यूआईटी 50 हजार, सार्वजनिक निर्माण विभाग को 50 हजार, नगर निगम पाली को 40 हजार साथ ही अन्य विभागों को भी पीएचईडी, कृषि, बागवानी, नगरीय निकायों, जल संसाधन, महिला एंव बाल विकास, विधुत विभाग, उद्योग केन्द्र, मेडिकल साथ ही अन्य में रसद, पुलिस, रीको आदि को पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया।

बैठक में जिला परिषद के सीईओ मुकेश चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस बिरजू चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, सीएमएचओं विकास मारवाल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राहुल राजपुरोहित सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पाली में जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में मिशन हरियालो राजस्थान की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

पंचायत समिति बालोतरा में बैठक आयोजित

बालोतरा, (नि.सं.)। बालोतरा जिले के समग्र विकास और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के उद्देश्य से सोमवार को पंचायत समिति बालोतरा के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस दौरान जिले के विकास को गति देने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और आम जनता को लाभान्वित करने पर गहन चर्चा हुई। बैठक में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न विभागों के प्रमुखों और संबंधित हितधारकों ने भाग लिया।

सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले में चल रही विकास परियोजनाओं और जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान और अन्य के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। समीक्षा के दौरान कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं पर भी खुलकर चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन बाधाओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें और यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ अंतिम लाभार्थी तक पहुंचे। उन्होंने कहा, ''हमारा लक्ष्य जमीनी स्तर पर विकास को गति देना है। इसमें पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि जनता का सरकार पर विश्वास बना रहे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए नाकोड़ा में पूर्वाभ्यास

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर नाकोड़ा में योग का पूर्वाभ्यास किया। फोटो-राष्ट्रदूत

बालोतरा,(नि.सं.)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नाकोड़ा में सोमवार को योग पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों और योग प्रेमियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया।

इस दौरान, योग के महत्व और उसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि कैसे योग दैनिक जीवन में तनाव को कम करने और समठा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक हो सकता है।

राजकीय आयुष्मान आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. राम प्रकाश त्रिवेदी ने बताया कि यह पूर्वाभ्यास आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 21 जून की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस प्राचीन भारतीय विद्या को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने आगे कहा कि नाकोड़ा में योग दिवस को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं, और इस पूर्वाभ्यास ने उन तैयारियों को और गति दी है।

पियूष चोपड़ा अध्यक्ष बने

पाली में तेरापंथ युवक परिषद् की वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व मंत्री पीयूष चोपड़ा को वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष मनोनीत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। तेरापंथ सभा भवन पाली में तेरापंथ युवक परिषद के 58 वें वार्षिक मीटिंग की अध्यक्षता विपिन बांठिया ने की। मंगलाचरण से मीटिंग की शुरुआत हुई।

परामर्शदाता ने श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया। स्वागत अध्यक्ष विपिन बांठिया ने किया। वर्ष भर के कार्यकाल के दौरान आचार्य महाश्रमण एवं समस्त चारित्र आत्माओं के प्रति कृतज्ञता भाव प्रेषित किये। सभी संस्था, तेयुप पदाधिकारियों, कार्यकारिणी मेम्बर एवम्र कार्यकर्ताओं टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। मंत्री पियुष चोपड़ा ने वर्ष भर किये गए कार्य को सदन मे प्रस्तुत किये । कोषाध्यक्ष रोशन नाहर ने सभी कार्यक्रम का लेखा जोखा सदन में प्रस्तुत किया।

गत दिनें प्लेन क्रैश हादसे के लिए पूरे सदन में दो मिनट का मौन और नमस्कार महामंत्र द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूरे सदन की सहमति एवं चुनाव अधिकारी सूर्य प्रकाश चोपड़ा व सुशील लुणावत ने सर्वसम्मति से पूर्व मंत्री पीयूष चोपड़ा को वर्ष 2025-26 के अध्यक्ष पद निर्विरोध मनोनीत किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष पियूष चोपड़ा को सदन में उपस्थित तेयुप परामर्शदाता बाबुलाल चोपड़ा, सुशील लूणावत, प्रकाश नाहर, सूर्यप्रकाश चोपड़ा, सभा अध्यक्ष भूरचंद तातेड़, मंत्री प्रकाश कांकरिया, संस्था के सभी 115। युवा सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने नए अध्यक्ष को बधाई दी। पीयूष चोपड़ा ने 1 साल के लिए अपने लक्ष्य का निधारण करते हुए मंत्र दीक्षा का कार्यक्रम सम्यक दर्शन कार्यशाला तप अभिनंदन अभिनव सामायिक आध्यात्मिक क्रिकेट प्रतियोगिता आचार्य महाश्रमण के अहमदाबाद से लाडनूं जाते समय रास्ते की सेवा का लक्ष्य रखा व अखिल भारतीय तेरापथ युवक परिषद द्वारा निर्देशित सभी कार्यक्रमों को करने का लक्ष्य रखा। पियुष चोपड़ा तेरापंथ युवक परिषद एक सक्रिय कार्यकर्ता है तथा काफी समय तक मंत्री पद व कोषाध्यक्ष पद सह मंत्री रहते हुए इस बार अध्यक्ष बने हैं।

धरती आबा जन भागीदारी अभियान

बाड़मेर, (नि.सं.)। बाड़मेर जिले में अनुसूचित जन जाति परिवारो को सरकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने के लिए सोमवार को अभियान के दुसरे दिन बाड़मेर जिले के योजना में चयनित समस्त 60 ग्रामो में जागरूकता अभियान जारी रहा। इस दौरान विभिन्न 17 विभागो की ओर से अनुसूचित जन जाति समुदाय के लोगो को जन कल्याणकारी योजनाओ से रूबरू कराया जा रहा है।

जिला कलक्टर टीना डाबी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य धरती आबा जनभागीदारी अभियान और मंत्रालय की अन्य योजनाओं के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करना और नियोजित हस्तक्षेपों में जनजातीय समुदायों की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करना है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि 15 दिनों तक चलने वाले विशेष अभियान के दुसरे दिन आयोजित शिविरों में कुल 4232 लाभार्थियों ने भाग लेकर योजन की जानकारी प्राप्त की एवं विभिन्न सेवाओ का लाभ उठाया।

बाड़मेर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए अनुसूचित जनजातीय समुदायों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान शिविरों का आयोजन करते हुए आयुष्मान भारत, पीएम किसान, जन धन योजना, समुदाय और आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड समेत विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाया : कुमावत

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान सरकार में गोपालन एवं देवस्थान मंत्री मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि पारंपरिक जल स्त्रोतों की उपयोगिता को बढ़ावा देने और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभिनव संकल्पों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाया जा रहा है। यह बात उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कही।

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत सोमवार को जोधपुर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में आमजन से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं को लेकर आए फरियादियों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

मीडिया से बातचीत में मंत्री कुमावत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान प्रदेश में व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। यह अभियान जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी अनूठा संदेश दे रहा है। राज्य सरकार के सभी मंत्री, प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी युद्ध स्तर पर इस अभियान को साकार करने में जुटे हुए हैं। कैबिनेट मंत्री कुमावत ने कहा कि गोपालन एवं देवस्थान विभाग से जुड़ी बजट घोषणाओं को तेज़ी से क्रियान्वित किया जा रहा है।

मंदिरों की सजावट के लिए दिया फंड

कैबिनेट मिनिस्टर जोराराम कुमावत ने राजस्थान में विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं को लेकर जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार गोपालन के साथ मंदिरों के संरक्षण को लेकर भी लगातार प्रयास कर रही है इसमें पुजारी का वेतन बढ़ाने से लेकर गौशाला का अनुदान बढ़ाने को लेकर भी लगातार समीक्षा की जा रही है। साथ ही राजस्थान में होली, दीपावली दशहरा सहित प्रमुख त्यौहारों के मौके मंदिरों में साज-सजावट हो इसको लेकर मुख्यमंत्री ने दूसरे साल भी 13 करोड रुपए बजट में स्वीकृत किए।

उन्होंने देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना को लेकर जानकारी दी। कहा कि इसके तहत देश भर के 33 प्रमुख तीर्थ स्थलों की विभाग की ओर से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को समय समय पर यात्रा करवाते हैं। पहले ये स्लीपर कोच में यात्रा होती थी, लेकिन अब वातानुकूलित एसीट्रेन में यात्रा करवाई जा रही है।

इसके लिए ट्रेन को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि उसमें राजस्थान की संस्कृति की झलक भी नजर आए। आगे भी बुजुर्गों को एसी ट्रेन से ही यात्रा करवाई जाएगी।

खुहड़ी के धोरों पर योग दिवस की तैयारी

जैसलमेर, (नि.सं.)। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खुहड़ी में आयोजित कार्यक्रम को लेकर खुहड़ी के धोरों पर युद्धस्तर पर प्रशासन का बेड़ा व्यापक तैयारियां कर रहा है। पंचायती राज से लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग व राजस्व अधिकारी हाई अलर्ट पर है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग ने वीआईपी विजिट को ध्यान में रखते हुए खुहड़ी में हेलीपेड व अन्य विकास कार्यों को लेकर टेंडर जारी कर दिए हैं। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खुहड़ी में आयोजन होने से खुहड़ी के पर्यटन स्थल को काफी पहचान मिलेगी और ये चर्चाओं में आएगा। दरअसल, खुहड़ी में डीएनपी की रोक, सिंगल सड़क होने की वजह से खुहड़ी के लहरदार धोरों को लेकर अपेक्षाकृत पर्यटकों का ध्यान नहीं जा रहा है। राज्य की सरकार खुहड़ी को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उकेरने के लिए उसकी ब्रांडिंग पर ध्यान दे रही है।

श्रद्धांजलि दी

जालोर, (कासं)। कर्णावती (अहमदाबाद) से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट के दर्दनाक हादसे में हताहत हुए यात्रियों, पायलट एवं क्रू मेंबर्स को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

जालोर शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित शांतिनाथ आदर्श विद्या मंदिर के परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे लोगो ने दिवंगत विमान यात्रियों को श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम संयोजक किशोर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, भंवरलाल परमार डायट उप प्राचार्य शांतिलाल दवे, विद्या भारती के प्रांतिय उपाध्यक्ष भैरूपाल सिंह एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान के प्रान्त संयोजक संदीप जोशी ने संबोधित किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक संजीव कुमार, विभाग कार्यवाह जगदीश सोनी, विद्या भारती के जिला सचिव अजय कुमार गुप्ता सहित कई जने मौजूद रहे।

खाद्य-नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा रामदेवरा पहुंचे

रामदेवरा/ पोकरण, (नि.सं.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सोमवार को एक दिवसीय रामदेवरा दौरे पर रहे।

इस दौरान उन्होंने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने मावा गांव स्थित हरखेरी नाडी पर वंदे गंगा जल पूजन किया। साथ ही उन्होंने प्रदेश सहित जिलेवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा ने कहा कि तालाब, नाडी, कुएं एवं पोखर हमारे पारंपरिक जल स्त्रोत हैं। पहले की पीढियों के लिए यही एक मात्र पानी के स्त्रोत थे, लोग इन्हीं जल स्त्रोतों से पानी पीती थे। इन सभी प्राचीन जल स्त्रोतों को संरक्षित एवं स्वच्छ रखना हम सबका कर्तव्य है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने जल संरक्षण के लिए इस विशेष वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत जन सहयोग से इन प्राचीन संरचनाओं को सुरक्षित एवं संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान मंत्री गोदारा ने नाडी के पद वृक्षारोपण कर प्रकृति प्रेम एवं वृक्षारोपण का संदेश दिया।

इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों एवं आमजन से आगामी वर्षा ऋतु में अपने घर के आस पास, सार्वजनिक स्थानों, मैदानों, रोड के दोनों साइड एवं खेतों में ज्यादा से ज्यादा पेड लगाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि आप सब की भागीदारी से यह अभियान एक जन अभियान बन सकेगा। इस अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सहित उपस्थित सभी संम्भागियों ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की शपथ ली।

इस दौरान पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी, जिला कलक्टर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी, प्रधान सांकडा समिति भगवत सिंह तंवर, पोकरण उपखण्ड अधिकारी लाखाराम, सरपंच रामदेवरा समंदर सिंह तंवर ,जनप्रतिनिधि, समाजसेवी सहित कई अन्य अधिकारी सहित सैकडो की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

न्यायिक क्षेत्र में भारतीय भाषा के अच्छे दिनों के शुभ संकेत : जयदीप रॉय

जालोर, (कासं)। न्यायिक क्षेत्र में भारतीय भाषाओं का उपयोग बढना देश के लिए शुभ संकेत हैं। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गंवई ने हिंदी में शपथ ली है। यह भारतीय भाषाओं के लिए अच्छा संकेत होने के साथ प्रेरणादायक भी है। यह विचार भारतीय भाषा अभियान के राष्ट्रीय संयोजक एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता जयदीप राय ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति और देश के कई पूर्व एवं वर्तमान न्यायाधीशों ने भी विधि शिक्षा में भारतीय भाषाओं को महत्व देने पर अपने विचार रखे है। वहीं केरल हाईकोर्ट द्वारा भारतीय भाषाओं के उपयोग को कल्चरल हेरिटेज माना है, यह भी भारतीय भाषा के सुखद है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा भारतीय भाषाओं के लिए कमेटी का गङ्गन और एआई के माध्यम से हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में 90 हजार से अधिक निर्णयों का अनुवाद भी ऐतिहासिक कदम है। वरिष्ठ अधिवक्ता रॉय भारतीय भाषा अभियान एवं पीपुल्स इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडी के संयुक्त तत्वावधान में न्यायालय में एवं विधि शिक्षा में भारतीय भाषाओं का प्रयोग विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन कार्यकम को संबोधित कर रहे थे। भोपाल कार्यशाला से लौटे जालोर के अधिवक्ता अश्विन राजपुरोहित ने बताया कि कार्यशाला में जालौर सहित देश के विभिन्न प्रांतों से सौसे अधिक अधिवक्ताओं और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने सहभागिता की। कार्यशाला के समापन सत्र में भारतीय भाषा अभियान की ओर से किए गए कार्य एवं आगामी कार्य योजना की जानकारी देते हुए जयदीप रॉय ने कहा कि भारतीय भाषा अभियान के कार्य को व्यापक गति देने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें युवा अधिवक्ताओं और बार एसोसिएशन को साथ लेकर भारतीय भाषाओं के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने की दिशा में प्रयास करने होंगे।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय संयोजक ए. विनोद ने कहा कि संविधान में की प्रस्तावना में फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन लिखा है, लेकिन न्याय क्षेत्र में व्यक्ति को अपनी भाषा में न्याय प्राप्त करने और अपनी बात रखने की स्वतंत्रता अब तक नही है। इस स्थिति में परिवर्तन करने की आवश्यकता है । पिपुल्स यूनिवर्सिटी के विधि विभाग के प्राचार्य डॉ. रविकांत गुप्ता ने कहा कि यह हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है कि जिस देश में हम रह रहे है उसमें आजादी के 75 साल बाद भी भारतीय भाषा में न्याय के लिए हमें संघर्ष करना पड रहा है। समापन सत्र से पूर्व आयोजित सत्र में अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय मंत्री विकम दुबे, कर्नाटक से लक्ष्मीनारायण हेगडे, संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, भारतीय भाषा अभियान काशी प्रांत के संयोजक अजय कुमार मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यकम में भारतीय भाषा अभियान के संरक्षक अशोक मेहता का संदेश वाचन किया गया।

वहीं अमित झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यकम के दौरान शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी, न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक संजय स्वामी, हिंदी ग्रंथ अकादमी के डॉ. अशोक पटेल, जबलपुर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा, मोहनलाल कोरी, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता राघवेंद्र शुक्ल, प्रो. अनुराग दीप, उडीसा प्रांत से संतोष द्विवेदी, बृजेन्द्र ढुल्ल, किशन कुमार शर्मा, मनंजय मिश्रा, राम पाण्डेय, विकेश त्रिपाठी, कृष्णकांत द्विवेदी, जोधपुर प्रांत से एडवोकेट अश्विन राजपुरोहित, प्रवीण घांची, समीर पारीक समेत विभिन्न प्रांतों से विद्वतजन उपस्थित रहे। मंच संचालन निवेदिता पाण्डेय, विवेक भास्कर और शिखा चौहान ने किया।

जालोर के अधिवक्ताओं ने भारतीय भाषा अभियान के तहत भोपाल में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जोधपुर में राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारी पर चर्चा की

जोधपुर, (कासं)। स्वाधीनता दिवस-2025 का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह 15 अगस्त को जोधपुर में प्रस्तावित है। इस संबंध में तैयारियों के लिए सोमवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

आयोजन से संबंधित प्रकोष्ठ गठित करते हुए प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय, समयबद्धता और पूर्ण निष्ठा से दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। मुख्य समारोह, सांस्कृतिक संध्या, परेड, एट होम कार्यक्रम तथा प्रवास से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। समारोह स्थल, यातायात, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा, मंच, ध्वनि यंत्र, फ्लैग पोस्ट, मीडिया कवरेज, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं प्रभात फेरियों आदि की समुचित व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। अग्रवाल ने जोधपुर विकास प्राधिकरण, शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण, नगर निगम, पुलिस, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सहित सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे परस्पर समन्वय के साथ आयोजन को सफल बनाएं।

बैठक में जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह, सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय की कुलसचिव शिल्पा सिंह, पुलिस उपायुक्त (पूर्व) आलोक श्रीवास्तव, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) सुरेंद्र पुरोहित, एनएलयू की कुलसचिव डॉ. सुनीता पंकज आदि उपस्थित रहे।

अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 24 से

पाली, (नि.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा विभाग से सं.बंधित गतिविधियां आयोजित होगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बताया कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बलपखवाड़ा के कार्यक्रमों के लिए जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कार्यालयः-अधिशाषी अभियन्ता, जल संसाधन खण्ड, जालोर

लघु आकोली सिंचाई परियोजना की नहर के निर्माण कार्य के लिए धारा-19 के तहत राजस्थान राजपत्र चैत्र 27, गुरूवार, शाके 1947-अप्रेल 17, 2025 का कार्यालय मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन विभाग राजस्थान जयपुर के कमांक 18/भू.अ./ज.स./2017 राजकाज नम्बर 14146409 दिनांक 13.03.2025 तहत धारा 19 की घोषणा के क्रम में प्रकाशन किया गया।

परियोजना भूमि अर्जन पुनवार्सना और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 19 हेतु राजस्थान राजपत्र में प्रकाशित हितकारी / प्रभावित होने वाले भूमिधारको की सूची निदेशक, सुचना एवं जन सम्पर्क निदेशालय राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार क्यू आर कोड में प्रकाशित किया जा रहा है।

सहायक अभियन्ता
जल संसाधन उपखण्ड
जालोर

अधिशाषी अभियन्ता
जल संसाधन खण्ड
जालोर

DIPR/C/7474/2025